**शाश्वत ऊर्जा**

**इरेडा**
**IREDA**

**एकबार इरेडा सदैव इरेडा**

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

## इरेडा ने संविधान दिवस मनाया



नई दिल्ली, 26 नवंबर, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज **"भारतीय संविधान, भारत की अवधारणा"** पर एक वेबिनार आयोजित करके संविधान दिवस मनाया। इस संविधान दिवस को **"राष्ट्रीय विधि दिवस" या "संविधान दिवस"** के रूप में भी जाना जाता है और भारत में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान के महत्व को प्रसारित करने और श्री बी.आर.अम्बेडकर - भारत के संविधान के जनक के विचारों और अवधारणों को प्रसारित करने के लिए मनाया जाता है ।

इस वेबिनार का संचालन - यंगशाला, भोपाल (एमपी) और स्कूल फॉर डेमोक्रेसी (लोकतंत्रशाला), राजस्थान के पूर्व संवैधानिक वेल्यूज फ़ेलो,सदस्य, श्री नितेश व्यास द्वारा किया गया था। श्री व्यास ने भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों और बुनियादी सिद्धांतों के महत्व और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया।

इरेडा के सीएमडी ने इरेडा के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया और उल्लेख किया कि **" संविधान दिवस मनाने की सच्ची भावना न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की दृष्टि से संविधान में निहित चार आदर्शों को आत्मसात करने और कार्यान्वित करने में निहित है। यदि हम अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में इन सिद्धांतों को लागू करने का प्रयास जारी रखते हैं और इस भावना के प्रति सच्चे रहते हैं, तो संविधान आने वाले समय में सदैव भारत की सेवा कर सकता है ।"**

इस वेबिनार में इरेडा के निदेशक (तकनीकी) और अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया । वेबिनार के बाद पूर्वाह्न 11 बजे भारतीय संविधान की प्रस्तावना पर शपथ दिलाई गई।


